# बिहार सरकार, शिक्षा विभाग

# अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय, भागलपुर

## एम. एड. पाठ्यक्रम के अकादमिक सत्र – 2019–21 में नामांकन हेतु

## प्रेस–विज्ञप्ति

निदेशक, शोध एवं प्रशिक्षण, शिक्षा विभाग, बिहार सरकार, पटना के पत्रांक–201 दिनांक– 15.04.2019 तथा उप सचिव, शिक्षा विभाग, बिहार के संकल्प ज्ञापांक–472 दिनांक–07.10.2016 के निदेशानुसार राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् (NCTE), नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त एवं तिलकामाँझी भागलपुर विश्वविद्यालय भागलपुर द्वारा सम्बद्ध अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय, भागलपुर में एम.एड. पाठ्यक्रम में नामांकन हेतु 50 सीटों के विरुद्ध निम्न शर्तो पर ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं–

| मुख्य बिन्दु | नामांकन हेतु आवश्यक शर्ते |
|---|---|
| 1.पात्रता | न्यूनतम 55% अंको के साथ बी.एड./बी.एल.एड./बी.ए. बी.एड./बी.एस.सी. बी.एड. में उत्तीर्णता (आरक्षित कोटि/निःशक्त अभ्यर्थियों के लिए 5% अंक की छूट) |
| 2.चयन/मेधा का आधार | अभ्यर्थी द्वारा बी.एड./बी.एल.एड./बी.ए. बी.एड./बी.एस.सी. बी.एड. के प्राप्तांक प्रतिशत के आधार पर मेधा सूची कोटिवार तैयार की जायेगी तथा समान कोटि में प्राप्तांकों का प्रतिशत समान रहने पर अधिक उम्र वाले अभ्यर्थी को चयन में प्राथमिकता दी जायेगी। |
| 3.आयु सीमा | 1 जनवरी, 2019 को न्यूनतम 22 वर्ष |
| 4. आरक्षण | ➢ बिहार सरकार, शिक्षा विभाग के संकल्प संख्या 472 दिनांक 07.10.2016 के कंडिका (V) के आलोक में अद्यतन आरक्षण नियमावली जो सामान्य प्रशासन विभाग के अधिसूचना संख्या 2622 दिनांक 26.02.2019 एवं संकल्प ज्ञापांक 11/आ0नी0–1–06/2017 सा0प्र0 7162 दिनांक 31.05.2018 के आलोक में देय होगा। दिव्यांग (निःशक्त) अभ्यर्थियों के लिए 5% क्षैतिज आरक्षण देय होगा जिसके अन्तर्गत न्यूनतम 02 एवं अधिकतम 03 अभ्यर्थियों का चयन होगा।<br>➢ आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए प्रस्तुत किया जाने वाला आय एवं परिसम्पत्ति प्रमाणपत्र **''अनुसूची–I (प्रपत्र–I)''** जो जिलाधिकारी/अनुमंडलाधिकारी/अंचलाधिकारी द्वारा निर्गत होना चाहिए तथा स्वयं घोषणा पत्र **''अनुसूची– II (प्रपत्र– II)''** भी अनिवार्य रूप से देना होगा।<br>**नोट :– अनुसूची– I (प्रपत्र– I)** तथा **अनुसूची– II (प्रपत्र– II)** महाविद्यालय के वेबसाईट पर उपलब्ध है। |
| 5. आवेदन प्रक्रिया | ➢ आवेदन का प्रारूप महाविद्यालय के वेबसाइट **www.gttcbgp.org/www.ctebhagalpur.in** पर उपलब्ध है।<br>➢ नामांकन हेतु आवेदन पत्र सिर्फ ऑन लाईन दिनांक **25.04.2019 से 17.05.2019 तक** स्वीकार किया जायेगा जिसे महाविद्यालय के बेबसाईट **www.gttcbgp.org/www.ctebhagalpur.in** पर दिये गये लिंक द्वारा किया जायेगा।<br>➢ **आवेदन शुल्क के रूप में 500 रू0 (पाँच सौ)की राशि किसी भी बैंक के** Debit Card/Credit Card/Net banking या UPI के माध्यम से किया जा सकता है।<br>➢ ऑन लाईन आवेदन के उपरान्त आवेदन का हार्ड कॉपी (Hard copy) सभी स्वअभिप्रमाणित अनुलग्नकों के साथ दिनांक **22.05.2019** तक निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से महाविद्यालय के पता– **प्राचार्य, अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय घंटाघर भागलपुर–812001** पर भेजना आवश्यक है। लिफाफे के ऊपर ऑन लाईन आवेदन से प्राप्त आवेदन संख्या अवश्य लिखें।<br>➢ निर्धारित तिथि के पश्चात् आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा। |

## 6. नामांकन हेतु कैलेण्डर :

| | |
|---|---|
| 1. ऑन लाईन आवेदन प्रारंभ करने की तिथि | 25.04.2019 (गुरूवार) |
| 2. ऑन लाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि | 17.05.2019 (शुक्रवार) |
| 3. वृहत मेधा सूची का निर्माण एवं नामांकन समिति की बैठक का आयोजन | 24.05.2019 (शुक्रवार) |
| 4. वृहत मेधा सूची (सभी समर्पित आवेदन हेतु) का प्रकाशन (महाविद्यालय के वेबसाईट एवं सूचना–पट्ट पर) | 27.05.2019 (सोमवार) |
| 5. मेधा सूची पर अभ्यर्थियों द्वारा आपत्ति प्राप्त करना | 27.05.2019 से 04.06.2019 (मंगलवार) तक |
| 6. प्राप्त आपत्ति के निराकरण के उपरांत अंतिम मेधा सूची एवं सम्पूर्ण प्रतीक्षक सूची का कोटिवार प्रकाशन | 11.06.2019 (मंगलवार) |
| 7. नामांकन समिति की बैठक | 14.06.2019 से 17.06.2019 के बीच |
| 8. नामांकन हेतु सूचना–प्रेषण ( SMS (एस. एम. एस.) /दूरभाष/ई–मेल/वेबसाईट द्वारा) | 20.06.2019 (गुरूवार) |
| 9. नामांकन (प्रथम सूची पर) | 21.06.2019 से 25.06.2019 |
| 10. द्वितीय सूची हेतु प्रतीक्षक सूची से परामर्श (काउंसिलिंग) | 26.06.2019 (बुधवार) |
| 11. परामर्श (काउंसिलिंग) के बाद मेधा सूची का प्रकाशन एवं नामांकन (दोनों के आधार पर) | 27.06.2019 (गुरूवार)<br>04.07.2019 (गुरूवार) |
| 12. नामांकन प्रक्रिया बंद | 05.07.2019 (शुक्रवार) |
| 13. कक्षा संचालन की तैयारी एवं शिक्षण कार्य प्रारंभ | 05.07.2019 (शुक्रवार ) |

**आवेदन पत्र जमा करने के लिए आवश्यक निर्देश :**

1. **आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित कागजात/प्रमाण–पत्र की छायाप्रति समर्पित करना आवश्यक होगा:–**
   - i. Online Submitted आवेदन की प्रिन्ट कॉपी
   - ii. जन्म तिथि प्रमाण पत्र के रूप में मैट्रिक अथवा समकक्ष परीक्षा का मूल प्रमाण–पत्र
   - iii. स्नातक, स्नातकोत्तर, बी.एड./बी.एल.एड./बी.ए.बी.एड./बी.एससी.बी.एड. उत्तीर्णता का अंक पत्र
   - iv. आरक्षित कोटि के अभ्यर्थी सक्षम पदाधिकारी द्वारा जाति प्रमाण–पत्र (महिला अभ्यर्थी हेतु पिता के नाम से निर्गत)
   - v. आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अभ्यर्थियों लिए सक्षम पदाधिकारी द्वारा अनुसूची–1 में निर्गत प्रमाणपत्र
   - vi. आवासीय प्रमाण–पत्र
   - vii. निःशक्त अभ्यर्थियों के लिए असैनिक शल्य चिकित्सक (सिविल सर्जन) द्वारा निर्गत दिव्यांग (निःशक्तता) प्रमाणपत्र
   - viii. Online Payment की प्राप्ति रसीद
2. लिफाफे के ऊपर बड़े एवं स्पष्ट अक्षर में लाल स्याही से निम्न सूचना अवश्य अंकित करें –
   आवेदित कोर्स का नाम –एम.एड.
   कोटि – सामान्य/पिछड़ा वर्ग/अत्यंत पिछड़ा वर्ग/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/दिव्यांग/
   आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग
   आवेदन क्रमांक
3. नामांकन हेतु चयनित अभ्यर्थियों को नामांकन शुल्क की राशि भी Online Payment करना होगा जो कोटिवार निम्न रूप में होगा –

| कोटि | प्रथम वर्ष में | द्वितीय वर्ष में |
|---|---|---|
| सामान्य/पिछड़ा वर्ग/अत्यंत पिछड़ा वर्ग | **13,500/-** | **12,500/-** |
| अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/दिव्यांग (निःशक्त) | **6,750/-** | **6,250/-** |

4. ऑनलाईन आवेदन करते समय किसी भी प्रकार की सहायता के लिए दूरभाष संख्या 0641-2300744 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

**नोट** :– नामांकन के समय CLC/DLC की मूल प्रतिं जमा करना अनिवार्य होगा। प्रति सेमेस्टर महाविद्यालय में सैद्धान्तिक कक्षाओं में कम से कम 80% तथा प्रैक्टिकम (Practicum) में 90% उपस्थिति अनिवार्य होगी अन्यथा वे विश्वविद्यालय परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो पायेंगें।